समाचार

प्राथमिकता क्रम में वैक्सीनेशन अवश्य कराएं–महापौर

(मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का किया आग्रह)

कोरबा 01 अप्रैल 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा 01 अप्रैल से 45 वर्ष से ऊपर की आयु के सभी नागरिकों को वैक्सीन लगवाई जा रही है, वहीं 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को पहले की तरह वैक्सीन लगती रहेगी, अतः आग्रह है कि प्राथमिकता क्रम में वैक्सीन अवश्य लगवाएं तथा वैक्सीन लगवाने हेतु अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होने कहा कि कोविड का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों ने वैक्सीन को पूरी तरह सुरक्षित बताया है, अतः वैक्सीन के संबंध में यदि कोई भ्रमपूर्ण बातें करता है तो उनकी बातों पर ध्यान न दें, कोरोना संक्रमण से बचने हेतु वैक्सीन अवश्य लगवाएं। महापौर श्री प्रसाद ने अपील करते हुए आगे कहा है कि कोरोना का संक्रमण पुनः तेजी के साथ फैल रहा है तथा प्रदेश में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग कोरोना से संक्रमित हो रहे हैं, अतः मेरी अपील है कि घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाएं। सार्वजनिक स्थानों, दुकानों, कार्यालयों आदि में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, समय–समय पर अपने हाथ साबुन व सेनेटाईजर से साफ करते रहे, खुद संक्रमित होने से बचें तथा दूसरों को भी संक्रमण से बचाएं।

<u>कोरोना प्रोटोकाल का पालन करें, वैक्सीन अवश्य लगवाएं</u>– सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने भी आमजन से अपील करते हुए कहा है कि चूंकि कोरोना का संक्रमण पुनः तेजी से बढ़ रहा है, अतः घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा संक्रमण होने से खुद को बचाएं। उन्होने अपील करते हुए आगे कहा है कि प्राथमिकता क्रम में किए जा रहे वैक्सीनेशन में अपना व अपने परिवारजनों को वैक्सीन अवश्य लगवाएं ताकि आप व आपका परिवार कोरोना के संक्रमण से सुरक्षित हो सके।